नव भारत
1934 से

## एक नजर में

### 27 लाख के भुगतान के एवज में बाबू गिरफ्तार

**आगरमालवा.** मध्यप्रदेश लोकायुक्त पुलिस की उज्जैन इकाई ने आगरमालवा जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के एक बाबू को सेवानिवृत्त अधिकारी के लंबित भुगतान जारी करने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया.लोकायुक्त पुलिस के अनुसार जावरा (रतलाम) निवासी विजय कुमार बोरसिया ने आठ जुलाई को पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत दी थी कि उनके पिता गोवर्धन लाल, जो जिला आपूर्ति अधिकारी आगर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, उनके ग्रेच्युटी, बीमा, अवकाश नकदीकरण सहित करीब 27 लाख रुपये के भुगतान के लिए कार्यालय में पदस्थ बाबू मनीष कुमार पंड्या डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं.

### भारत और रोमन ने की रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली.** पश्चिम एशिया में ताजा घटना क्रम के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ओमान सल्तनत की आधिकारिक यात्रा की और अपने समकक्ष के साथ क्षेत्रीय तथा द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री ने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र अलबुसैदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की. दोनों मंत्रियों ने भारतङ्कओमान रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर, जो दोनों देशों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, विचारों का आदान-प्रदान किया।

### शेख हसीना ने बांग्लादेश लौटने का किया ऐलान

**नई दिल्ली.** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने देश वापसी को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि वह और अवामी लीग के अन्य निर्वासित नेता इस साल दिसंबर के आसपास बांग्लादेश लौटने की योजना बना रहे हैं. हसीना ने कहा कि वापसी के बाद वह अदालत के सामने आत्मसमर्पण करेंगी. एक इंटरव्यू में 78 वर्षीय शेख हसीना ने कहा कि उन्हें अपनी वापसी के जोखिमों की जानकारी है. उन्होंने कहा कि लौटने पर उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है या उनकी हत्या भी हो सकती है,

# कमेटी के सामने जिस राज्य का मॉडल देंगे, उसे लागू करेंगे

- सीएम ने राज्य स्तरीय सम्मेलन में अतिथि विद्वानों को किया आश्वस्त
- अंग्रेज गए, कांग्रेस छोड़ गए, कांग्रेस केवल काम अटकाती थी



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 जून. हमने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले समिति गठित की है. अटकाने-लटकाने-भटकाने का समय गया. अंग्रेज गए और कांग्रेस छोड़ गए. कांग्रेस केवल काम अटकाती थी. आज समय आगे बढ़ने का है. अतिथि विद्वान समिति के माध्यम से जिस भी राज्य का मॉडल लागू करवाना चाहें, उसका प्रस्ताव बनाकर लाएं. सरकार आपके साथ रहेगी. हमारे बीच ये भरोसा कायम रहेगा. हम अतिथि विद्वानों के कल्याण के लिए जो हो सकेगा वो करेंगे.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. सीएम डॉ. यादव राजधानी भोपाल के रवींद्र भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय अतिथि विद्वानों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि वसुधा को कोई कुटुंबकम समझने वाली संस्कृति हो तो वो भारत की संस्कृति है. यह कदम-कदम पर दिखाई भी देता है. हमारे अतीत का गौरवशाली पृष्ठ बताता है कि भगवान श्री राम का कार्यकाल करीब 15 लाख वर्ष पुराना है. उनके कार्यकाल का एक घटनाक्रम याद करें, जिस समय भगवान श्रीराम भाइयों के साथ दशरथ जी के महल में थे, तब गुरु विश्वामित्र राक्षसों का दमन करने के लिए उनसे उनके पुत्र मांगते हैं. जब विश्वामित्र दशरथ जी से कहते हैं कि हम एक कठिनाई से गुजर रहे हैं, हम जब यज्ञ करते हैं तो उसमें बाधाएं आ जाती हैं. इसलिए हम आपकी मदद चाहते हैं. तब दशरथ जी ने उनसे कहा कि मैं सेना के साथ आपके साथ चलता हूं, लेकिन विश्वामित्र जी ने कहा कि आपको नहीं चलना है, वे उनसे श्रीराम और लक्ष्मण को मांगते हैं. यानी भविष्य गढ़ने और राम राज्य की स्थापना के लिए गुरु की नजर बच्चों पर पड़ी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उस वक्त दशरथ जी मान-मनौव्वल करते हैं, लेकिन गुरु विश्वामित्र बच्चों को ले जाते हैं, क्योंकि उन्हें आत्मविश्वास था. इसी तरह शिक्षक का कॉन्फिडेंस भी भविष्य गढ़ता है.

### उच्च स्तरीय कमेटी सिफारिशें सौंपेगी

सम्मेलन को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि राज्य सरकार ने अतिथि विद्वानों के लिए आकस्मिक और ऐच्छिक अवकाश की व्यवस्था लागू की है. महिला अथिति विद्वानों को प्रसूति अवकाश भी दिया जा रहा है. इसके साथ ही लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में अतिथि विद्वानों को 25 प्रतिशत पदों पर आरक्षण दिया है.

### काम असरदार नहीं, तो वो सरकार ही नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार ने 13 आकस्मिक, 3 एच्छिक अवकाश दिया है. बहनों को प्रसूति अवकाश दिया गया है. एक वर्ष में निकट स्थान पर जाने की सुविधा भी दी थी. लोकसेवा में भी 25 फीसदी पद आरक्षित करते हुए दस वर्ष की छूट दी थी. 2022 में 117, 2024 में 48 अतिथि विद्वान नियुक्त किए जा चुके हैं.

# बीईओ ट्रेजरी घोटाले में ईडी का शिकंजा

## विशेष पीएमएलए अदालत ने आरोपियों को जारी किए नोटिस

**06** करोड़ से अधिक के 56 प्लॉट कुर्क

**4.43** करोड़ की संपत्तियां अनंतिम रूप से कीं कुर्क

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय (बीईओ) के 20.47 करोड़ रुपए के ट्रेजरी घोटाले और धनशोधन मामले में मुख्य आरोपी कमल राठौर सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ विशेष पीएमएलए अदालत, इंदौर में पूरक अभियोजन शिकायत दाखिल की है. अदालत ने मामले में आरोपियों को नोटिस जारी किए हैं.**

इस मामले में 6 करोड़ से अधिक कीमत के 56 आवासीय प्लाट भी कुर्क किए गए हैं . ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई कट्ठीवाड़ा थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर की. जांच में सामने आया कि वर्ष 2018 से 2023 के बीच ब्लॉक शिक्षा कार्यालय, कट्ठीवाड़ा से फर्जी बिलों का भुगतान स्वीकृत कराकर ट्रेजरी से 20.47 करोड़ रुपये की सरकारी राशि का गबन किया. जांच में पाया गया कि मुख्य आरोपी कमल राठौर ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर सरकारी धन को अपने और परिवार के सदस्यों द्वारा संचालित विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित कराया. बाद में राशि नकद निकालकर धार जिले के गंधवानी क्षेत्र में कृषि भूमि खरीदी गई. जांच के दौरान ईडी ने आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए, बैंक खाते फ्रीज किए तथा आरोपियों की 4.43 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां अनंतिम रूप से कुर्क कीं.

ईडी का आरोप है कि इसका उद्देश्य अवैध स्रोत से अर्जित संपत्तियों की वास्तविक प्रकृति छिपाकर उन्हें वैध दर्शाना था. इसी क्रम में 23 जून 2026 को जारी अनंतिम कुर्की आदेश के तहत परियोजना के 56 आवासीय प्लॉट भी कुर्क किए, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत 6 करोड़ रुपए से अधिक है. ईडी इससे पहले 29 सितंबर 2025 को कमल राठौर और अन्य आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल कर चुकी थी. आगे की जांच में मिले नए साक्ष्यों के आधार पर 9 जुलाई 2026 को पूरक अभियोजन शिकायत पेश की गई, जिस पर विशेष पीएमएलए अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपियों को नोटिस जारी किए हैं, मामले में आगे की जांच जारी है.

### आईआरसीटीसी की नयी वेबसाइट का परीक्षण जल्द

**नयी दिल्ली 10 जुलाई।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम की नयी वेबसाइट बन कर तैयार है और इसका परीक्षण जल्द ही शुरू होगा. आईआरसीटीसी और रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र के अधिकारियों ने राजस्थान के जयपुर स्थित मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों को आईआरसीटीसी की नयी वेबसाइट का बीटा संस्करण दिखाया और उनकी राय मांगी। एमएनआईटी के विद्यार्थियों ने कुछ हफ्ते पहले आईआरसीटीसी की नयी वेबसाइट में कुछ कमियां सुधारकर बेहतर वेबसाइट बनवाने की बात कही थी। आईआरसीटीसी की इस नयी वेबसाइट को अभी भारतीय रेलवे के यात्री आरक्षण प्रणाली के साथ जोड़ा जा रहा है।

# डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र बनेगा एबीडीएम

**नई दिल्ली , 10 जुलाई. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) विकसित भारत-2047 के लिए मजबूत, समावेशी और नागरिक-केंद्रित डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र की आधारशिला बनेगा.**

नई दिल्ली में मिशन संचालन समूह की तीसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक उपयोग, अंतरसंचालनीयता और नागरिकों की सहज पहुंच पर विशेष बल दिया. उन्होंने राज्यों और सभी हितधारकों से सुरक्षित एवं समन्वित प्रयासों के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का आह्वान किया.




### 5 .86 करोड़ आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि मध्यप्रदेश में 5 .86 करोड़ आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं. लगभग 20 हजार स्वास्थ्य संस्थान और 18 हजार स्वास्थ्य पेशेवर डिजिटल रजिस्ट्रियों से जुड़ चुके हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश में शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें.

**विरोध** — इस्तीफों की झड़ी लगी, टिकट बदलने के लिए उग्र प्रदर्शन, महिलाएं सड़क पर लेटीं

# नरोत्तम समर्थकों ने हाईवे जाम किया, आज दतिया बंद

नवभारत न्यूज

**दतिया। दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद जिले का राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों ने टिकट बदलने की मांग को लेकर दतिया-ग्वालियर हाईवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हुआ। कल दतिया बंद का आह्वान भी किया गया है।**



नरोत्तम मिश्रा के समर्थक प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेतृत्व के खिलाफ नाराजगी जताते हुए टिकट बदलने की मांग की। समर्थकों का कहना है कि यदि पार्टी ने अपने निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया तो शनिवार को दतिया के बाजार बंद रखे जाएंगे। अधिकांश दुकानें शाम से ही बंद हो गईं। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाईवे पर बैठ गए, जिसके चलते पुलिस और प्रशासन को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी।

पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता नरोत्तम मिश्रा का टिकट करते ही विरोध तेज हो गया. कार्यकर्ताओं ने दतिया बीजेपी जिला कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और नेशनल हाईवे-44 पर जाम लगा दिया.

### पूर्व विधायक ममता का फूटा गुस्सा, दी बड़ी चेतावनी

पूर्व भाजपा विधायक ममता मीना ने कहा है कि नरोत्तम मिश्रा एक बड़े सनातनी नेता हैं. उन्होंने दतिया के डबरा क्षेत्र में भव्य नवग्रह मंदिर बनवाया था. वह प्रदेश की चुनाव समिति के सदस्य भी थे. इसके बावजूद उनका टिकट काट दिया गया. मीना के अनुसार, इस फैसले से नरोत्तम मिश्रा और उनके कार्यकर्ताओं को गहरा दुख पहुंचा है. पूर्व विधायक ने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि पार्टी अब अपने वरिष्ठ और बड़े नेताओं को लगातार दरकिनार कर रही है. उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह चाचौड़ा से उनका टिकट काटा गया, वैसे ही अब अन्य बड़े नेताओं के साथ हो रहा है.

### भाजपा जिलाध्यक्ष समेत सभी पार्षदों ने दिए इस्तीफे

दतिया बीजेपी के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह समेत सभी बीजेपी पार्षदों एवं पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटे जाने के विरोध में अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता ने की अभद्रता

**नई दिल्ली, 10 जुलाई.** उच्चतम न्यायालय की एक पीठ के कक्ष में शुक्रवार को उस समय बेहद अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली, जब व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए एक याचिकाकर्ता ने कथित तौर पर मामले के कागजात न्यायाधीशों की तरफ फेंके और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करके भारी हंगामा किया। यह घटना न्यायाधीश के वी विश्वनाथन और न्यायाधीश आलोक अराधे की पीठ के समक्ष हुई। याचिकाकर्ता प्रबाल प्रताप ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से उसकी रिट याचिका खारिज हो जाने के बाद उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# फ्रिगेट महेंद्रगिरि का नौसेना में शामिल होना गौरव का क्षण

**नयी दिल्ली 10 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि स्वदेशी फ्रिगेट महेंद्रगिरि का नौसेना के बेड़े में शामिल होना गौरव का क्षण होगा और वह इसके साक्षी बनने के लिए विशाखापत्तनम जा रहे हैं। स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, महेंद्रगिरि शनिवार को विशाखापत्तनम में श्री सिंह की मौजूदगी में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होगा।**



यह प्रोजेक्ट 17ए का छठा और अंतिम युद्धपोत है जो लोकार्पण के लिए तैयार है। श्री सिंह ने रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ग्यारह जुलाई को 17ए स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि के कमीशनिंग समारोह में भाग लेने के लिए मैं विशाखापत्तनम जा रहा हूँ, जहाँ हमारे राष्ट्र और भारतीय नौसेना के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण का साक्षी बनने का अवसर मिलेगा। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित यह अत्याधुनिक युद्धपोत हमारे आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण तथा हमारे घरेलू रक्षा उद्योगों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की अद्भुत क्षमताओं का प्रमाण है।

महेंद्रगिरि भारत के समुद्री इतिहास में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने के लिए तैयार है। भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया और मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड निर्मित महेंद्रगिरि स्वदेशी युद्धपोत डिज़ाइन और निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का बेहतरीन उदाहरण है। उन्नत स्टील्थ फीचर्स, अत्यधिक टिकाऊ , कम रडार सिग्नेचर और हाई-लेवल ऑटोमेशन से लैस यह फ्रिगेट आधुनिक कंबाइंड डीज़ल या गैस प्रोपल्शन सिस्टम से चलता है। यह सिस्टम इसे सभी तरह के समुद्री मिशनों में बेहतरीन क्षमता के साथ तेज गति से काम करने में सक्षम बनाता है. महेंद्रगिरि में 75 प्रतिशत से ज़्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है

